❖ **डीआईजी0 बस्ती द्वारा जनपद के थाना बांसी का किया गया वार्षिक निरीक्षण।**

❖ **संबंधित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 25/04/2025 को श्री दिनेश कुमार पी., पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती द्वारा वार्षिक निरीक्षण हेतु थाना बांसी पहुचने पर पुलिस जवानों द्वारा गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात डीआईजी बस्ती द्वारा डॉ.अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ थाना बांसी के थाना भवन, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय, थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्पडेस्क व साइबर हेल्प डेस्क, महिला एवं पुरूष हवालात,थाना परिसर,निर्माणाधीन भवनो,अभिलेखो आदि का निरीक्षण किया गया।

**डीआईजी0बस्ती द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये:-**

(01) थाना परिसर, बैरक, थाना भवन आदि की साफ सफाई एवं व्यवस्था उच्चकोटि की पायी गयी जिस पर थाना प्रभारी को पुरस्कृत करने हेतु एसपी सिद्धार्थनगर को निर्देशित किया गया।

(02) थाना कार्यालय, परिसर, हवालात, बैरक व टॉयलेट आदि की प्रतिदिन सफाई की जाये ताकि सफाई उच्च कोटि की बनी रहे।

(03) थाने के असलहों को सप्ताह में एक दिन निकालकर विशेष सफाई की जाये तथा सभी प्रकार के शस्त्रो के हैंडलिंग का प्रशिक्षण दिया जाये ताकि आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सके।

(04) साइबर हेल्पडेस्क, महिला हेल्पडेस्क पर डीजी परिपत्र के अनुसार ड्यूटी लगायी जाये व प्राप्त शिकायतों का विवरण रजिस्टर में अंकित किया जाये तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर फीडबैक लिया जाये।

(05) थाना के अभिलेखों अपराध रजिस्टर, रजिस्टर नंबर 8, फ्लाइशीट, एक्टिव लिस्ट, गुंडा, भूमि, भवन, ऑर्डर बुक न्यायालय, ऑर्डर बुक प्रार्थना पत्र, HS इंडेक्स आदि का निरीक्षण किया गया। रजिस्टरो मे सभी प्रविष्टियो का अंकन कर अद्यावधिक किया जाये।

(06) थाने के टाप टेन अपराधियों की गतिविधियों की जानकारी कर कार्यवाही किया जाये।

(07) थाने के हिस्ट्रीशीटरो की पृष्ठ भूमि व अपराध करने के तरीके की जानकारी कर निगरानी/सत्यापन की कार्यवाही करायी जाये। नियमानुसार दिन व रात्रि में निगरानी करते हुए उसका विवरण रोजनामचाआम व फ्लाइशीट रजिस्टर में अंकित किया जाये।

(08) उप निरीक्षक गण को क्राइम किट बॉक्स के उपयोग हेतु प्रशिक्षित कर बेहतर उपयोग कराया जाये।

(09) प्रत्येक चौकी प्रभारी के पास वायरलेस, हैंड हेल्ड सेट हो जिससे आवश्यकता पर आसानी से संपर्क स्थापित किया जा सके।

(10) मालमुकदमाती मालों का निस्तारण कराने तथा निरूद्ध वाहनों का निस्तारण ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत यथाशीघ्र कराने हेतु निर्देशित किया गया।

(11) पुराने /निष्प्रयोज्य भवनों को कंडम घोषित कराते हुये नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी जाये तथा बैरकों की मरम्मत करायी जाये।

(12) हल्का प्रभारी/उपनिरीक्षक व बीपीओ के बीटबुक का निरीक्षण किया गया जिन्हें बीटबुक में सभी प्रविष्टियों का अंकन कर अद्यावधिक करने व क्षेत्र के बारे में पूर्ण जानकारी रखने हेतु निर्देशित किया गया।

(13) सभी अधिकारी कर्मचारीगण से बलवा ड्रिल व शस्त्र हैंडलिंग का अभ्यास कराया गया।

(14) थाने के सीसीटीवी कैमरे सही दशा में क्रियाशील रखने हेतु निर्देशित किया गया।जो हवालात को भी कवर करे ताकि बंदी की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

(15) बांसी के नवनिर्मित पिंक बूथ का निरीक्षण किया गया जिसमे सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ.अभिषेक महाजन, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी बांसी,प्रभारी निरीक्षक बांसी एवं थाने पर नियुक्त समस्त अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**सोशल मीडिया सेल**

**रेंज कार्यालय, बस्ती।**